Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of a Railway over Bridge in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-laid.

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ0प्र0) के अंतर्गत कृभको फर्टिलाईजर्स लि0, पिपरौला, जनपद शाहजहांपुर से बंथरा रेलवे स्टेशन तक 16 कि0मी0 लंबी रेलवे लाईन का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा इस निर्माण कार्य में अण्डरपास भी प्रस्तावित है ।

इस संबंध में, मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि क्षेत्र के बहादुरपुर विशुनपट्टी, गंधार, सहसपुर, सिमरिया, ढकिया परवेजपुर,खानपुर, सिरोमननगर इत्यादि ग्रामों को एक मुख्य चक मार्ग से जोड़ता है । अतः यदि इन ग्रामों के आवागमन हेतु अण्डरपास का निर्माण होता है तो इससे क्षेत्र के किसान, जो कृषि कार्य के लिए बड़े-बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रकों के माध्यम से अपनी फसल को बेचने हेतु मण्डी लेकर पहुंचते है, उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा अण्डरपास में बड़े वाहनों के फंसने की भी आशंका रहेगी, जिससे यातायात भी पूरी तरह से अवरुद्ध होगा ।

अतः ऐसी स्थिति में, मेरा अनुरोध है कि जनहित में उक्त रेलवे लाईन निर्माण कार्य में उपरोक्त सभी ग्रामीण मार्गो के मुख्य चक मार्ग पर रेलवे लाईन निर्माण में अण्डरपास के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएं ।